पेज थ्री
देहरादून

सभी पर्वतारोहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री।

देहरादून बृहस्पतिवार 29 अक्टूबर 2020

पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अल्मोड़ा जिले के सल्ट विधानसभा से भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह जीना की धर्मपत्नी श्रीमती नेहा जीना के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत की आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### प्रशिक्षण वर्ग की सभी तैयारी पूरी

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी ने बताया कि जिले के सभी 23 मंडलों में छह नवंबर से होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके लिए मंडल प्रभारी भी नियुक्ति किए जा चुके हैं। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में 6 से 12 नवंबर तक मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण में खासकर नए कार्यकर्ताओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी।

### सीए के कार्यालय से मिले संदिग्ध लेनदेन के प्रमाण

**संवाददाता** देहरादून। हवाला कारोबार से संबंधित छापे की कार्रवाई दून स्थित सीए फर्म पर दूसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान सीए के राजपुर रोड पर ऐस्लेहॉल स्थित कार्यालय के कम्प्यूटर और तमाम दस्तावेज जब्त कर लिए गए हैं। गंभीर बात यह कि आयकर टीम को हवाला कारोबार के तहत की गई कुछ लेनदेन की संदिग्ध एंट्री भी मिली हैं, जिसके तार सीधे हवाला कारोबारी से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी के चलते छापे की कार्रवाई दूसरे दिन भी देर शाम तक जारी रही। दअरसल, हवाला कारोबारी नरेंद्र जैन से संबंधित प्रतिष्ठानों और व्यक्तियों पर आयकर विभाग दिल्ली की टीम के नेतृत्व में देशभर में छापेमारी की गई।

### रेलवे स्टेशन और ट्रेन से सफर के दौरान सुरक्षित महसूस करेंगी महिलाएं

**संवाददाता** देहरादून। रेलवे स्टेशन और ट्रेन में अकेले सफर करने वाली महिला यात्री अब खुद को महफूज समझें, क्योंकि रेलवे ने ट्रेन से अकेले सफर करने वाली महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने का फैसला लिया है। रेलवे ने विशेष पहल करते हुए मिशन मेरी सहेली की शुरुआत की है। यह मिशन 18 अक्टूबर से प्रमुख रेलवे स्टेशन पर चल रहा है। देहरादून रेलवे स्टेशन भी इसके अंतर्गत है। इस मिशन के तहत आरपीएफ और जीआरपी के सुरक्षा कर्मी महिलाओं की सुरक्षा करेंगे। इतना ही नही ये सुरक्षा कर्मी रास्ते भर महिला यात्रियों की निगरानी भी करेंगी। इससे ट्रेन में महिलाओं के साथ होने वाले अपराध में कमी आएगी।

# राज्य सरकार आईटीबीपी के साथ मजबूती के साथ खड़ी है

**फ्लैग इन सैरेमनी**

■सीएम ने आईटीबीपी सीमाद्वार परिसर में गंगोत्री–2 पर्वतारोहण एवं 6 पीक आरोहण फ्लैग इन सैरेमनी में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आईटीबीपी सीमाद्वार परिसर में गंगोत्री–2 पर्वतारोहण एवं 6 पीक आरोहण फ्लैग इन सैरेमनी में प्रतिभाग किया। आईटीबीपी द्वारा सितम्बर माह में 06 अनाम चोटियों पर पर्वतारोहण हेतु दल भेजा गया जिसका नेतृत्व सैक्टर देहरादून आईटीबीपी की उपमहानिरीक्षक श्रीमती अर्पणा कुमार द्वारा किया गया। 08 सदस्यों के दल ने उत्तराखण्ड के उच्च हिमालय की 06 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाली चोटियों का आरोहण किया। आईटीबीपी द्वारा एक और पर्वतारोहण अभियान उप सेनानी दीपेन्द्र मान के नेतृत्व में उत्तरकाशी से 21615 फीट की ऊंचाई पर गंगोत्री–2 चोटी का सफलतापूर्वक आरोहण कर तिरंगा फहराया। इस दल में 26 पर्वतारोही थे।



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इन सभी पर्वतारोहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटीबीपी के जवानों ने शौर्य, दृढ़ता एवं कर्मनिष्ठा का परिचय देते हुए अपनी ड्यूटी के साथ पर्वतारोहण के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम किया है। आशा है कि चुनौतियों को स्वीकार करने वाले इन हिमवीरों ने आगे भी लक्ष्य तय किये होंगे। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी और उत्तराखण्ड का गहरा रिश्ता है। अभी उत्तराखण्ड के 11 हजार लोग आईटीबीपी में सेवारत हैं एवं उत्तराखण्ड से 40 हजार लोग अपनी सेवाएं आईटीबीपी में दे चुके हैं। आईटीबीपी शौर्य एवं संवेदना का दूसरा नाम है। अपने परिवार से दूर रहकर हमारे जवान सीमान्त क्षेत्रों में सेवाएं देकर देश की रक्षा के लिए अपने शौर्य का परिचय दे रहे हैं। उत्तराखण्ड आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है, आईटीबीपी ने आपदाओं के समय राज्य सरकार को पूरा सहयोग दिया है। दुर्गम क्षेत्रों में जाकर इन जवानों ने अपना लोहा मनवाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आईटीबीपी के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। राज्य सरकार की ओर से आईटीबीपी को हर संभव सहयोग दिया जायेगा। आज उत्तराखण्ड विश्वभर में पर्यटन के क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र है। पर्यटन गतिविधियों में प्रदेश में चारधाम यात्रा, ईको टूरिज्म, ट्रेकिंग, एडवेंचर, विंटर स्पोर्ट्स शामिल हैं। 13 डिस्ट्रिक 13 न्यू डेस्टीनेशन पर राज्य सरकार कार्य कर रही है। उत्तराखण्ड शासन ने आईटीबीपी के साथ एक एमओयू हस्ताक्षरित किया है, जिसमें माँ गंगा के सौन्दर्यीकरण के साथ–साथ वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए टिहरी बांध से में व्यावसायिक क्षमता, उत्कृष्ट कार्य, पर्यटन व स्वरोजगार बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। टिहरी लेक में एडवेंचर की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आईटीबीपी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

इस अवसर पर आईटीबीपी के महानिरीक्षक उत्तरी सीमांत नीलाभ किशोर, उपमहानिरीक्षक कुंवर पाल सिंह, मंधीर एक्का, रणजीत सिंह, निम के कर्नल अमित बिष्ट आदि उपस्थित थे।

### टिहरी लेक फिल्मों की शूटिंग के लिए आकर्षण का केन्द्र बना

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज टिहरी लेक फिल्मों की शूटिंग के लिए आकर्षण का केन्द्र बना है। उत्तराखण्ड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य में रूरल ग्रोथ सेंटर बनाये जा रहे है। शुरूआती चरण में इन ग्रोथ सेंटरों से पहले 06 माह में 06 करोड़ रूपये से अधिक का कारोबार हुआ है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है और उनकी डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी आईटीबीपी के जवानों को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी।

# मुख्यमंत्री को पूरे मामले में नही सुना गया

**गलत निर्णय**

■राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री की सोशल मीडिया में छवि खराब करने के मामले पर हाई कोर्ट के निर्णय पर आश्चर्य जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पूरे मामले में नही सुना गया। उन्हें पार्टी नहीं बनाया गया। बावजूद इसके मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का यह निर्णय गलत है। सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर चुकी है।



*शिकायतकर्ता के अनुसार ये सभी तथ्य असत्य हैं और उमेश शर्मा ने बैंक के कागजात कूटरचित तरीके से बनाये हैं। उसने उनके बैंक खातों की सूचना गैर कानूनी तरीके से प्राप्त की है।*

बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के मुख्य प्रवक्ता मुन्ना चौहान ने कहा कि वह कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन वह इससे संतुष्ट नहीं है। जब मामले में आरोपित खुद कोर्ट के सामने इस बात को स्वीकार कर चुका है कि उसकी जानकारी गलत थी। जब शिकायतों का ही कोई औचित्य नहीं तो उनकी जांच कैसे की जा सकती है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा नैतिकता के आधार पर इस्तीफे देने की मांग को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी आधारहीन तथ्यों पर यह मांग कर रही है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री के खिलाफ फेसबुक पोस्ट लिखने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया। साथ ही पूरे मामले की सीबीआइ जांच के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार सेवानिवृत्त प्रोफेसर हरेंद्र सिंह रावत ने 31 जुलाई को देहरादून थाने में उमेश शर्मा के खिलाफ ब्लैकमेलिंग करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

मुकदमे के अनुसार उमेश शर्मा ने सोशल मीडिया में खबर चलाई की प्रो. हरेंद्र सिंह रावत और उनकी पत्नी डॉ. सविता रावत के खाते में नोटबंदी के दौरान झारखंड से अमृतेश चौहान ने पैंसे जमा किए और यह पैसे मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत को देने को कहा। इस वीडियो में डॉ. सविता रावत को मुख्यमंत्री की पत्नी की सगी बहन बताया गया है।

### इस्तीफा दें सीएम, राजभवन में देंगे दस्तकः देवेंद्र यादव

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से संबंधित मामले में हाईकोर्ट के सीबीआइ जांच के आदेश से नया मुद्दा मिल गया। प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश ने मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर ताबड़तोड़ हमले बोले। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के इस्तीफे की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राजभवन में भी दस्तक देगी। सरकार के जीरो टॉलरेंस पर सवाल उठाती रही कांग्रेस ने इस मुद्दे को लपकने में देर नहीं लगाई। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में बुधवार को पार्टी के तमाम दिग्गज नेता मीडिया से मुखातिब हुए। प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली सरकार का असली चेहरा सामने आ गया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।